फेल विद्यार्थियों को दोबारा परीक्षा का मौका

माध्यमिक शिक्षा मंडल ने हायर सेकंडरी और हाईस्कूल परीक्षा व्यवस्था में किया बड़ा बदलाव

भोपाल, 8 अप्रैल. माध्यमिक शिक्षा मंडल ने बोर्ड परीक्षा हायर सेकंडरी और हाईस्कूल के विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए परीक्षा व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया है. अब सभी विषयों में फेल विद्यार्थियों को दोबारा परीक्षा का मौका दिया जाएगा. जबकि पहले सीमित विषयों में फेल छात्र ही पूरक परीक्षा दे पाते थे.

बोर्ड ने वर्षों से चली आ रही पूरक परीक्षा व्यवस्था को पूरी तरह समाप्त कर दिया है. पहले हाईस्कूल में अधिकतम दो और हायर सेकेंडरी में एक विषय में फेल छात्र ही पूरक दे सकते थे, लेकिन अब यह सीमा हटा दी गई है.

7 मई से शुरू होगी द्वितीय परीक्षा: मंडल के अनुसार हायर सेकेंडरी की द्वितीय परीक्षा 7 मई से 25 मई तक और हाईस्कूल की परीक्षा 7 मई से 19 मई तक आयोजित की जाएगी. मुख्य परीक्षा का परिणाम घोषित होने के बाद छात्रों को केवल 7 दिन के भीतर आवेदन करना होगा, जो एमपी ऑनलाइन के माध्यम से भरे जाएंगे.

बेहतर अंक का मिलेगा लाभ: नई व्यवस्था में छात्रों को एक और बड़ा फायदा मिलेगा. मुख्य और द्वितीय परीक्षा में से जिस परीक्षा में बेहतर अंक आएंगे, वही अंकसूची में जोड़े जाएंगे. यानी छात्र अपने परिणाम को सुधारने का मौका भी पा सकेंगे.

उत्तीर्ण विषय में भी फिर से परीक्षा का विकल्प

छात्र चाहें तो जिन विषयों में पास हो चुके हैं, उनमें भी बेहतर अंक लाने के लिए दोबारा परीक्षा दे सकते हैं. हालांकि जिन विषयों में फेल हैं, उनमें शामिल होना अनिवार्य होगा. इधर बोर्ड मुख्य परीक्षा के परिणाम को लेकर भी तेजी से काम कर रहा है. तीसरे चरण का मूल्यांकन अंतिम दौर में है और अधिकांश अंकों की एंट्री ऑनलाइन सिस्टम में पहले ही हो चुकी है. बोर्ड का लक्ष्य अप्रैल के तीसरे सप्ताह तक रिजल्ट घोषित करने का है.

पूरी प्रक्रिया पर डिजिटल निगरानी

मूल्यांकन कार्य की निगरानी के लिए सभी केंद्रों को सीसीटीवी और ऑनलाइन पोर्टल से जोड़ा है. बोर्ड मुख्यालय से हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है, ताकि प्रक्रिया पारदर्शी बनी रहे. बोर्ड अधिकारी एक ओर जहां रिजल्ट तैयार करने में जुटे हैं, वहीं दूसरी ओर द्वितीय परीक्षा की तैयारियां भी तेज कर दी गई हैं. रिजल्ट घोषित होते ही आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी, ताकि छात्रों को समय पर दूसरा मौका मिल सके.

नेमिनाथ जिनालय में सिद्धचक्र विधान में अनुष्ठान

भोपाल, 8 अप्रैल. श्री नेमिनाथ जिनालय झिरनों में सिद्धचक्र विधान में अर्घ्य और भगवान नेमिनाथ को श्रीफल अर्पित सुख-समृद्धि की कामना की गई. मूलनायक भगवान नेमिनाथ का अभिषेक, शांतिधारा के साथ अनुष्ठान की क्रियाएं मंत्रोच्चार के साथ हुई. प्रवक्ता अंशुल जैन ने बताया श्री नेमिनाथ भक्त मंडल के तत्वावधान में चल रहे अनुष्ठान में इंद्र-इंद्राणियों ने श्री सिद्धचक्र का पाठ करो, फल पायो मैना रानी, गाते हुए भक्ति नृत्य कर प्रमुख मंडल की परिक्रमा कर आराधना की. आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के शिष्य मुनि साध्यसागर, मुनि विश्व सूर्यसागर महाराज के सान्निध्य में हो रहे अनुष्ठान में श्रद्धालु भगवान सिद्ध की भक्ति कर रहे हैं. आचार्य विद्यासागर महाराज, समयसागर महाराज, विशुद्ध सागर महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर मंगलाचरण किया. 10 अप्रैल को विश्व शांति यज्ञ के साथ अनुष्ठान का समापन होगा.

एक नजर में

कमाली मंदिर में हुई हनुमान जी की महाआरती

भोपाल, 8 अप्रैल. शहर के प्रसिद्ध कमाली मंदिर में मंगलवार को देर शाम हनुमानजी महाराज की महाआरती हुई. इसके बाद मंदिर के महंत राधामोहन दास महाराज का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. इस अवसर पर प्रसादी स्वरूप खिचड़ी, बूंदी, खारे एवं फल का वितरण किया गया. मंदिर समिति के सेवाधारी चेतन पटेल एवं समाजसेवी बीडी ढालिया ने बताया कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में एकता, भाईचारा एवं आध्यात्मिक चेतना को सुदृढ़ करने का कार्य करते हैं .कार्यक्रम के सफल आयोजन में मंदिर समिति एवं रामभक्तों का विशेष सहयोग रहा. इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे.

गायत्री महासचिव, रिंकी सहसचिव नियुक्त

भोपाल, 8 अप्रैल. ओम शिव शक्ति सेवा मंडल भोपाल की महिला शाखा में गायत्री अवस्थी को महासचिव एवं रिंकी गुप्ता को सहसचिव नियुक्त किया गया है. ओम शिव शक्ति सेवा मंडल भोपाल के सचिन रिंकू भटेजा ने बताया कि महिला शाखा की चेयरपर्सन मंजू गौतम एवं अध्यक्ष दिव्या बोहरा की सहमति से गायत्री अवस्थी को महासचिव एवं रिंकी गुप्ता को सहसचिव नियुक्त किया गया है.

अमरनाथ यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन 15 से होंगे

भोपाल, 8 अप्रैल. अमरनाथ यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल से प्रारंभ होंगे. श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने मेडिकल सर्टिफिकेट बनाने के लिए डॉक्टरों की सूची भी जारी कर दी है. यह जानकारी ओम शिव शक्ति सेवा मंडल भोपाल के सचिव ने दी है. उन्होंने बताया कि अमरनाथ यात्रियों को मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाना अनिवार्य होता है. मेडिकल सर्टिफिकेट के आधार पर ही रजिस्ट्रेशन होते हैं. श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड द्वारा डॉक्टरों की सूची जारी कर दी गई है, जिसमें मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों के 102 डॉक्टर द्वारा अमरनाथ यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर मेडिकल सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा. इसके लिए भोपाल के चार डॉक्टर उपेंद्र मिश्रा, श्याम चौरसिया, रणजीत सिंह, संजीव लोधी को अधिकृत किया गया है. कंपलसरी मेडिकल सर्टिफिकेट 9 अप्रैल के बाद का होना चाहिए.

'निंगला पा-थोई' परिधान का प्रदर्शन कल

भोपाल, 8 अप्रैल. इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में माह के विशेष प्रादर्श के तहत 'निंगला पा-थोई' पारंपरिक अनुष्ठानिक परिधान का प्रदर्शन 10 अप्रैल को किया जाएगा. यह परिधान मणिपुर के थंगल नागा समुदाय से संबंधित है और अपनी विशिष्ट बुनाई, रंग संयोजन तथा सांस्कृतिक महत्व के लिए जाना जाता है. म्यूजियम एसोसिएट आयशा गराबडू के संयोजन में आयोजित इस प्रादर्श में इस परिधान की परंपरा और उपयोग की जानकारी दी जाएगी. यह एक हस्तनिर्मित निचला वस्त्र है, जिसे महिलाएं कमर पर धारण करती हैं और इसकी लंबाई घुटनों तक होती है. विवाह समारोह में इसका विशेष महत्व है, जहां दूल्हे की बहन इसे दुल्हन को उपहार स्वरूप देती है, जो नए पारिवारिक संबंधों और सामाजिक स्वीकृति का प्रतीक माना जाता है. निंगला पा-थोई में काले, नारंगी, हरे और सफेद रंगों का आकर्षक संयोजन होता है. इसमें पारंपरिक आकृतियां बुनी जाती हैं, जो प्रकृति, सामाजिक संरचना और पारिवारिक सामंजस्य को दर्शाती हैं. यह परिधान पारंपरिक करघे पर कपास के धागों से 'स्विवल एक्स्ट्रा-वेफ्ट' तकनीक द्वारा तैयार किया जाता है, जिससे इसकी कलात्मकता और सुंदरता बढ़ती है. निदेशक डॉ. अमिताभ पांडे के अनुसार थंगल नागा जनजाति मणिपुर के पहाड़ी क्षेत्रों में निवास करती है, जहां महिलाएं बुनाई और कुटीर उद्योगों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं.

आज राजधानी के 40 इलाकों में होगी बिजली कटौती

भोपाल, 8 अप्रैल. राजधानी भोपाल के लगभग 40 इलाकों में गुरुवार को मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा मेंटनेंस किया जाएगा. इसके लिए इन इलाकों में कुछ समय के लिए बिजली सप्लाई बंद रहेगी. गुरुवार सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक प्रिया मोहल्ला, सिद्धी विनायक एवं आसपास.

सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक साधना इन्क्लेव, आईईएस कॉलोनी, निरुपम फेस-2, स्ट्रेलिंग, कुंजन फेस-1 .सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक अंशुल विहार, वंदना होम्स, विंडसर अर्रालिया, एलिजेंट, सुरक्षा एन्क्लेव, विंडसर पाम, इनायतपुर पंप हाउस, वाटिका हेरिटेज. सुबह 10 से शाम 4 बजे तक राजेंद्र नगर, करारिया, हरसिद्धी कैम्पस, द्वारका नगर, कृष्णा नगर, चांदबाड़ी, शिवशक्ति नगर, प्रेम नगर, विवेकानंद कॉलोनी, राजीव कॉलोनी, हाउसिंग बोर्ड क्वार्टर, पन्ना नगर, वैशाली नगर.

सुबह 10 से शाम 4 बजे तक भैंसाखेड़ी, बैरागढ़ मंडी, सिंधी कॉलोनी, पुतलीघर, इस्लामी गेट, बजरिया, शाहजहांनाबाद. दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक जनता कॉलोनी, सलीम चौक, ओल्ड सिंधी कॉलोनी, नगर निगम कॉलोनी, काजी कैम्प एवं आसपास के इलाकों में बिजली सप्लाई बंद रहेगी.

एम्स भोपाल और एनएचएम के बीच एमओयू

दोनों स्वास्थ्य सेवाओं को बनाएंगे बेहतर

भोपाल, 8 अप्रैल. विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एम्स भोपाल और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के बीच स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए.

इस एमओयू के अंतर्गत एम्स भोपाल के विषय-विशेषज्ञों द्वारा प्रदेश में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, गैर-संचारी रोग (एनसीडी), सिकल सेल, रेयर डिजीज, कैंसर एवं एनीमिया जैसे प्रमुख स्वास्थ्य क्षेत्रों में तकनीकी सहयोग प्रदान किया जाएगा. इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल और एनएचएम मध्य प्रदेश की निदेशक डॉ. सलोनी सिदाना विशेष रूप से उपस्थित रहे. कार्यक्रम में एम्स भोपाल के प्रो. (डॉ.) रजनीश जोशी (अधिष्ठाता- शैक्षणिक), प्रो. (डॉ.) रेहान उल-हक (अधिष्ठाता- शोध), प्रो. (डॉ.) वैशाली वाल्के (अधिष्ठाता परीक्षा), उप निदेशक (प्रशासन) संदेश कुमार जैन और कार्यवाहक चिकित्सा अधीक्षक प्रो. डॉ. विकास गुप्ता ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया.

वरिष्ठ नागरिक मंच की श्रद्धांजलि सभा आज

भोपाल, 8 अप्रैल. वरिष्ठ नागरिक मंच, कलार समाज म.प्र. भोपाल द्वारा समाज के दिवंगत वरिष्ठ समाजसेवियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए 9 अप्रैल गुरुवार को शाम 4 बजे श्रद्धांजलि सभा का आयोजन जे.के. अस्पताल, कोलार रोड स्थित सी.एम.ई. हॉल (एलएनसीटी विवि परिसर) में किया जा रहा है. सभा में विगत दिनों दिवंगत हुए वरिष्ठ समाजसेवी एवं मंच के आजीवन सदस्य जी.सी. जायसवाल एवं शंकरलाल राय को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी. मंच के महामंत्री डी.पी. गुप्ता ने बताया कि पूर्व में निर्धारित कार्यक्रम में बदलाव करते हुए अब यह सभा 10 अप्रैल के स्थान पर 9 अप्रैल गुरुवार को आयोजित की जा रही है.

भेल में अत्याधुनिक कट-टू-लेंथ मशीन स्थापित

कार्यपालक निदेशक ने किया मशीन का उद्घाटन

बीएचईएल संवाददाता

भोपाल, 8 अप्रैल. भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल), भोपाल ने विनिर्माण दक्षता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए फीडर्स विभाग की प्रेस शॉप में अत्याधुनिक ऑटोमैटिक कट-टू-लेंथ मशीन की स्थापना की है.

उल्लेखनीय है कि इस प्रकार की मशीन पहली बार प्रेस शॉप में स्थापित की गई है, जिसका उद्देश्य उत्पादकता बढ़ाने के साथ-साथ मटेरियल लागत में बचत सुनिश्चित करना है. मशीन के संचालन में सभी सुरक्षा एवं संचालन मानकों का पूर्णत: पालन सुनिश्चित किया गया है. ब्लॉक-10 स्थित प्रेस शॉप में आयोजित एक सादे समारोह में इस मशीन का उद्घाटन कार्यपालक निदेशक प्रदीप कुमार उपाध्याय (एचईपी, भोपाल) द्वारा किया गया.

इस अवसर पर महाप्रबंधक रूपेश तैलंग, राजेश अग्रवाल, आशीष औरंगाबादकर, टी. यू. सिंह एवं संतोष डोंगरे सहित कई अपर महाप्रबंधक, वरिष्ठ प्रबंधक, अधिकारी, कर्मचारी एवं यूनियन प्रतिनिधि उपस्थित रहे.

क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय में ब्रेल पुस्तिकाओं का विमोचन

भोपाल, 8 अप्रैल. क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, भोपाल ने पासपोर्ट सेवाओं से संबंधित जानकारी दृष्टिबाधित आवेदकों के लिए ब्रेल लिपि में उपलब्ध कराई है.

ब्रेल पुस्तिकाएं प्रकाशित की गई हैं, जिनमें पासपोर्ट आवेदन प्रक्रिया का विस्तृत विवरण दिया गया है, जिसमें ईसीआर एवं नॉन ईसीआर श्रेणियां, डाक्यूमेंट एडवाइजर, आवेदन के प्रकार (सामान्य एवं तत्काल) शामिल हैं. इसके अतिरिक्त, क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, भोपाल में ब्रेल संकेत पट्टिकाओं का विमोचन किया गया.

समावेशन का दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम के रूप में, श्रवण एवं वाक् बाधित आवेदकों के लिए सांकेतिक भाषा में वीडियो की एक श्रृंखला भी शुरू की गई.

इन वीडियो में आवेदन के प्रकार तथा पासपोर्ट प्रक्रिया के सभी चरणों- काउंटर ए (बायोमेट्रिक नामांकन). काउंटर बी दस्तावेज़ सत्यापन और काउंटर 8 (पासपोर्ट आवेदन स्वीकृति) की जानकारी प्रदान की गई. ये वीडियो क्यूआर कोड के साथ भी हैं, जिससे उपयोगकर्ता सीधे संबंधित वेबपेज तक पहुँच सकते हैं. इन पहलों का उद्घाटन मंगलवार को बी. एस मुबारक, संयुक्त सचिव (पीएसपी) एवं मुख्य पासपोर्ट अधिकारी द्वारा शितांशु चौरसिया क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी भोपाल की उपस्थिति में किया गया.

11-12 को कलाज्ञ आर्ट एग्जीबिशन

भोपाल, 8 अप्रैल, 'कलाज्ञ आर्ट एग्जीबिशन 2' का आयोजन 11 व 12 अप्रैल को ललित आर्ट गैलरी, रवींद्र भवन में किया जाएगा, प्रदर्शनी प्रतिदिन शाम 4 बजे से रात 9 बजे तक आयोजित होगी. इसमें देशभर के लगभग 70 कलाकार अपनी कलाकृतियां प्रदर्शित करेंगे. पहले दिन मान सिंह व्यास, हरिकांत दुबे और कमल जैन मुख्य अतिथि रहेंगे, जबकि दूसरे दिन डॉ. विनय वर्मा लाइव आर्ट डेमोंस्ट्रेशन देंगे. आयोजन का उद्देश्य कलाकारों को मंच देना और कला प्रेमियों को विविध कला से परिचित कराना है.

मप्र के उद्योगों से जुड़े मुद्दों पर किया विचार-विमर्श

सीआईआई मप्र ने डॉ. इला के साथ किया मेंबर्स मीट का आयोजन

भोपाल, 8 अप्रैल. भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई), मध्य प्रदेश द्वारा डॉ. सुचित्रा के. एला, वाइस प्रेसिडेंट, सीआईआई एवं सह-संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक, भारत बायोटेक इंटरनेशनल लिमिटेड के साथ मेंबर्स मीट गत दिवस आयोजित की गई. इस अवसर पर सिद्धार्थ चतुर्वेदी, चेयरमैन, सीआईआई मध्य प्रदेश एवं निदेशक, आईसेक्ट लिमिटेड तथा सौरभ सिंह मेहता, वाइस चेयरमैन, सीआईआई मध्य प्रदेश एवं निदेशक, कृति न्यूट्रिएंट्स प्रा. लि.उपस्थित रहे. इस सत्र में उद्योग जगत के प्रमुख प्रतिनिधियों ने उभरते आर्थिक रूझानों एवं उद्योग से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया. अपने संबोधन में डॉ. एला ने मध्य प्रदेश को मध्य भारत में एक प्रमुख विकास इंजन के रूप में उभरते हुए बताया, जो अपनी रणनीतिक स्थिति, विविध आर्थिक संरचना और निवेश अनुकूल नीतियों के कारण संभव हुआ है.

BANSAL
College of Engineering, Mandideep
Approved by AICTE, New Delhi and Affiliated to Barkatullah University, Bhopal (M.P.)
Invites applications for following post (under college code-28)
Date: 11th - 13th April, 2026

COURSE	POST
Management	Professor
	Associate Professor
	Assistant Professor

Interested candidate with first class degree in MBA/M.COM, shall apply on email id: info@bce.ac.in or at Bansal College of Engineering, NH-12, P.O. Box No-4603, Near Nahar Spinning Mill, Mandidee-462046, along with resume, minimum 2 year experience certificate, testimonials, passport size photograph, ADHAR card & PAN card for scrutinizing the application.
Mobile No: 8319948981
Qualification and Salary as per AICTE norms.
Bansal College of Engineering, Mandideep

कवि सम्मेलन | **नववर्ष मेला महोत्सव के आयोजन में भोपाल की कवयित्री डॉ. विशाखा राजुरकर का सम्मान**

होठों पर मुस्कान रहे, दिल में हिंदुस्तान रहे

भोपाल, 8 अप्रैल. झीलों के शहर भोपाल में बदलते मौसम में बह रही ठंडी बयार के बीच बुधवार की शाम देश भर से आए कवियों ने अपने कविता की पंक्तियों की बौछार से श्रोताओं को आनंद से सराबोर कर दिया.

इस अवसर पर दिल्ली से आए पद्मश्री डॉ सुनील जोगी और मेला समिति के अध्यक्ष डॉ. उमाशंकर गुप्ता ने शहर की कवयित्री डॉ. विशाखा राजुरकर को सम्मानित किया. मध्यप्रदेश शासन के वीर भारत न्यास के सहयोग से आयोजित इस अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का संचालन उज्जैन के डॉ. दिनेश दिग्गज ने कर श्रोताओं को अंत तक बांधे रखा.

महानगर मेला समिति भोपाल द्वारा आयोजित नववर्ष मेले में आरती पश्चात शुरू हुए कवि सम्मेलन ने शुरुआत से ही श्रोताओं को बांधे रखा. उज्जैन से आए एवं संचालन कर रहे दिनेश दिग्गज ने हर नयन में एक बस तस्वीर भारत चाहिए, धर्म रक्षा के लिए गंभीर भारत चाहिए, धीर धरकर पीर सहना संधियों ई छोड़ दो, विश्व नतमस्तक रहे वो वीर भारत चाहिए का पाठ किया. शुरू हुआ सिलसिला तो उपस्थित लोगों ने कवियों से एक और एक की गुहार लगाई. नई दिल्ली से पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त डॉ. सुनील जोगी ने होठों पर मुस्कान रहे दिल में हिंदुस्तान रहे. राजोद से जॉनी बैरागी ने हास्य कविताओं से श्रोताओं को गुदगुदाया.

आज सुर सरस्वती ग्रुप के कलाकार देंगे प्रस्तुति

नववर्ष मेला महोत्सव समिति के संयोजक एवं कार्यकारी अध्यक्ष कैलाश मिश्रा ने बताया कि सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के क्रम में गुरुवार 9 अप्रैल को कराओके पर सुर सरस्वती ग्रुप की प्रतिमा जाट समेत अन्य कलाकार सुमधुर गीत एवं भजनों की प्रस्तुति देंगे.

विद्यार्थियों को विदेश में उच्च शिक्षा के बारे में दिया मार्गदर्शन

भोपाल, 8 अप्रैल. भोपाल स्कूल ऑफ़ सोशल साइंसेज (बीएसएसएस), भोपाल ने आईडीपी के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय करियर मेले का आयोजन किया. इसमें दुनिया भर की जानी-मानी यूनिवर्सिटीज़ के प्रतिनिधि शामिल हुए, जिन्होंने छात्रों को विदेश में उच्च शिक्षा के अवसरों के बारे में मार्गदर्शन दिया. इस करियर मेले में बर्मिंघम सिटी यूनिवर्सिटी, सेंट लुइस यूनिवर्सिटी और यूनिवर्सिटी ऑफ़ शेफ़ील्ड के विशेषज्ञों ने भाग लिया. इन प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को शैक्षणिक कार्यक्रमों, दाखिला प्रक्रियाओं, छात्रवृत्ति के अवसरों और कैंपस जीवन के बारे में जानकारी दी.